## :: कार्यालय कलेक्टर जिला–खण्डवा ::

क्रमांक / 18449 वाचक कले0 / 2022 खण्डवा, दिनांक 16 / 12 / 2022

प्रति,

**वन मण्डलाधिकारी,**
**सामान्य वन मण्डल,**
**खण्डवा.**

विषयः– आवेदक / मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद, ओंकारेश्वर को ग्राम गोदडपुरा तहसील पुनासा स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 2/9 रकबा 19.213 हेक्टेयर मद छोटे झाड का जंगल में से प्रस्तावित 0.22 हेक्टेयर भूमि शहीद जननायक टंट्या मामा एवं शबरी सामुदायिक केन्द्र निर्माण हेतु उपयोग पर देने बाबत।

000

उपरोक्त विषयान्तर्गत आवेदक / मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद, ओंकारेश्वर व्दारा पत्र क्रमांक राजस्व / न.परि. / 2022 / 2322, दिनांक 30.11.2022 प्रेषित कर निवेदन किया है कि नगरीय क्षेत्र ओंकारेश्वर के ग्राम गोदडपुरा तहसील पुनासा स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 2/9 रकबा 19.213 हेक्टेयर मद छोटे झाड का जंगल में से प्रस्तावित 0.22 हेक्टेयर राजस्व वन भूमि पर शहीद जननायक टंट्या मामा एवं शबरी सामुदायिक केन्द्र निर्माण कार्य किया जाना प्रस्तावित है। अतः ग्राम गोदडपुरा तहसील पुनासा स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 2/9 रकबा 19.213 हेक्टेयर मद छोटे झाड का जंगल में से प्रस्तावित 0.22 हेक्टेयर राजस्व वन भूमि शहीद जननायक टंट्या मामा एवं शबरी सामुदायिक केन्द्र निर्माण कार्य हेतु नगर परिषद, ओंकारेश्वर को आवंटित करने की कृपा करें।

2– अतएव ग्राम गोदडपुरा तहसील पुनासा स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 2/9 रकबा 19.213 हेक्टेयर मद छोटे झाड का जंगल में से प्रस्तावित 0.22 हेक्टेयर भूमि आवेदक /ुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद, ओंकारेश्वर को शहीद जननायक टंट्या मामा एवं शबरी सामुदायिक केन्द्र निर्माण कार्य हेतु उपयोग किये जाने में कोंई आपत्ति नहीं है। तदनुसार कृपया ग्राम गोदडपुरा तहसील पुनासा स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 2/9 रकबा 19.213 हेक्टेयर मद छोटे झाड का जंगल में से प्रस्तावित 0.22 हेक्टेयर भूमि वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के प्रावधानों के अन्तर्गत "छोटे झाड़ का जंगल" के मद से छूट प्रदान करते हुए आवेदक / मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद, ओंकारेश्वर को शहीद जननायक टंट्या मामा एवं शबरी सामुदायिक केन्द्र निर्माण कार्य हेतु उपयोग पर देने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

(अनूप कुमार सिंह)
कलेक्टर,
जिला–खण्डवा.

पृ0 क्रमांक / 18441 / वाचक कले0 / 2022 खण्डवा, दिनांक 16 / 12 / 2022

प्रतिलिपिः–

1– अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पुनासा
2– तहसीलदार, पुनासा,
की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

3– आवेदक / मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद, ओंकारेश्वर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित। वे प्रश्नाधीन आवेदित भूमि के गैरवानिकी उपयोग हेतु वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के तहत् निर्धारित प्रकिया के अनुरूप विधिवत् आगामी कार्यवाही पूर्ण करावें।

कलेक्टर,
जिला–खण्डवा.

C.M.O
जयप्रकाश
मांडल्या

Land Allotment ACTW 2021 -22

# कार्यालय नगर परिषद ओंकारेश्वर जिला खण्डवा म0प्र0

दूरभाष एवं फेक्स 07280-271233 Email- cmoomkareswar@mpurban.gov.in

परिषद का विशेष सम्मेलन दिनांक – 05.12.2022

संकल्प कमांक – 322

प्रस्ताव कमांक – नगर परिषद ओंकारेश्वर के अंतर्गत राजस्व विभाग की भूमि खसरा नंबर 2/9 कुल रकबा 19.213 हेक्टेयर में से 0.22 हेक्टेयर भमि जो बड़े झाड़ के जंगल की भूमि है, भील समाज सेवा समिति शबरी आश्रम एवं शहीद् जननायक ट्ंटया मामा सामुदायिक केन्द्र के नाम से आवंटन करने बाबत।

संकल्प – प्रकरण प्रस्तुत हुआ, अवलोकन किया गया। परिषद बैठक दिनांक 13.05. 2022 के संकल्प कमांक 276 से नगरीय क्षेत्र ओंकारेश्वर के ग्राम गोदडपुरा, तहसील पुनासा स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 2/9 रकबा 19.213 हेक्टैयर, में से प्रस्तावित रकबा 0.22 हेक्टेयर छोटे बड़े झाड़ मद की भूमि नगर परिषद ओंकारेश्वर को आवंटित की जाने की अनुशंसा की जाकर उक्त अनुशंसित भूमि का उपयोग नगर परिषद द्वारा गैर वन उद्देश्यों में "जननायक टंट्या मामा" की मूर्ति स्थापित किया जाकर "जननायक टंट्या मामा" उद्यान के रूप में विकसित किये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान गयी थी।

कार्यालय वनमण्डलाधिकारी सामान्य वन मण्डल खण्डवा (म.प्र.) पत्र कमांक/मा. चि./2022/5031 खंडवा, दिनांक 25.11.2022 एवं कार्यालय कलेक्टर जिला खण्डवा म.प्र. के पत्र कमांक/45/शिकायत (मॉनिटरिंग)/2022/17589 खण्डवा, दिनांक 02.12.2022 अनुसार नगरीय क्षेत्र ओंकारेश्वर में शहीद जन नायक टंट्या मामा की प्रतिमा एवं उद्यान के निर्माण हेतु 0.22 हेक्टेयर राजस्व भूमि वनभूमि उपयोग पर प्रदान करने के संबंध में नगरीय क्षेत्र ओंकारेश्वर में शहीद जन नायक टंट्या मामा की प्रतिमा एवं उद्यान के निर्माण हेतु वनसंरक्षण अधिनियम 1980 में निहित प्रावधानों में प्रतिमा एवं उद्यान के निर्माण कार्यो हेतु कोई प्रावधान नही है।

अतः उपरोक्त प्राप्त पत्रों का अवलोकन करने के पश्चात उक्त प्रस्तावित भूमि "भील समाज सेवा समिति शबरी आश्रम एवं शहीद् जननायक ट्ंटया मामा सामुदायिक केन्द" के रूप में आवंटित की जाकर विकसित किये जाने के उददेश्य हेतु अनुशंसा एवं स्वीकृति प्रदान की जाती है।

सर्वानुमति से पारित।

सत्य प्रतिलिपी

सही/–
अध्यक्ष
नगर परिषद ओंकारेश्वर

सत्य प्रतिलिपि
मुख्य लिपिक
नगर परिषद, ओंकारेश्वर

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद, ओंकारेश्वर